## Regarding situation arising out of fire in cracker godown in Gujarat

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(बनासकांठा) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे महत्वपूर्ण एवं हृदय विदारक घटना पर बोलने का अवसर प्रदान किया ।

मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के डिसा तहसील में पटाखा गोदाम में आग लगने से 20 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और सात की हालत गंभीर है । 20 में से 18 श्रमिक मध्य प्रदेश से हैं जो गुजरात में रोजगार के लिए आए थे और अपनी जान गंवा बैठे । मैं इस घटना में मृतक व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूं तथा परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं । इसके साथ ही मैं गंभीर रूप से घायल श्रमिकों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से मांग करती हूं कि मृतकों के परिवारों के लिए पांच लाख रुपये सहायता राशि प्रदान की जाए ।